//

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक– 5744 / कु0 का / 2025 दिनांक– 04 / 03 / 2025

कार्यालय ज्ञाप

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.02.2025 जो कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 25.02.2025 से सम्पुष्ट की गई। बैठक में लिये गयें निर्णय अधोलिखित है–

1. परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से सम–सेमेस्टर सत्र 2025–26 की परीक्षा 15 अप्रैल, 2025 से प्रारम्भ कराने का निर्णय लिया गया।

2. परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से परीक्षा केन्द्र निर्धारण नियमावाली बनाने हेतु समिति का गठन किया गया। समिति के पाँच सदस्यों का नाम निम्नवत है।
   1. प्रो0 मधुबाला राय– श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज चण्डेश्वर,आजमगढ़।
   2. प्रो0 देवेन्द्र प्रताप सिंह– कूबा महाविद्यालय दरियापुर, नेवादा आजमगढ़।
   3 प्रो0 बृजेश कुमार– श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज चण्डेश्वर,आजमगढ़।
   4 डॉ0 सर्वेश कुमार– श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज चण्डेश्वर,आजमगढ़।
   5 उप कुलसचिव– महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़।

4 परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व महाविद्यालय यदि प्राचार्य / प्रवक्ता अनुमोदित करा लेता है तो महाविद्यालय को परीक्षाकेन्द्र बनाये जाने पर विचार किया जायेगा।

5 परीक्षा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विषम सेमेस्टर के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त पेपर बहुविकल्पीय प्रकार के होगे तथा माइनर के समस्त प्रश्नपत्र भी बहुविकल्पीय होगे। सम सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर के सभी मेजर प्रश्नपत्र वर्णनात्मक प्रकार के होगें।

6 परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी समस्त परीक्षायें तीन पालियों में आयोजित की जायेगी तथा प्रश्नपत्रों की समयावधि एवं प्रश्नपत्र के प्रारूप निर्धारित करने के लिए अधोलिखितानुसार समिति का गठन किया गया है–

1–प्रो0 सौम्य सेनगुप्ता–डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़।

2–प्रो0 ताहिर हसन–शिब्ली नेशनल कालेज, आजमगढ़।

3–प्रो0 दिनेश कुमार तिवारी–डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़।

Scanned with OKEN Scanner

4–डॉ0 सर्वेश कुमार–श्री दुर्गा जी0 पी0जी0 कालेज चण्डेश्वर, आजमगढ़।

5–सहायक कुलसचिव–महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

7 परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विषम सेमेस्टर की परीक्षा (प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर की परीक्षा वस्तुनिष्ट प्रकार की होगी) तीन पालियों में समपन्न होगी जिसकी समय अवधि दो घण्टों की होगी तथा सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम् सेमेस्टर की परीक्षा वर्णनात्मक प्रकार की होगी) की परीक्षाओं का समय अवधि तीन घण्टों की होगी।

8 एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर के जो छात्र पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है उनके अंक पत्र पर वीर बहादुंर विश्वविद्यालय, जौनपुर अंकित है, के स्थान पर प्रथम सेमेस्टर के अंकपत्र पर महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ मुद्रित कराया जाय (एल0एल0बी0 के उक्त छात्रों का दो विश्वविद्यालय के अंकपत्र होने के कारण बार कांउन्सिल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। क्योंकि प्रथम सेमेस्टर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर तथा द्वितीय से षष्ठम् सेमेस्टर में महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का अंकपत्र निर्गत किया गया है)

9 परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छात्रहित एवं विश्वविद्यालय हित को दृष्टिगत रखते हुए दो सेमेस्टरों (अर्थात् एक वर्ष) के परीक्षाफल के लिए एक ही अंकपत्र निर्गत किया जाय।

10 चूंकि प्रायः सभी छात्रों के माध्यमिक स्तर तक सभी अंकपत्र व प्रमाणपत्र अंग्रेजी भाषा में मुद्रित होते हैं तथा विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म भी अंग्रेजी भाषा में ही भरवाया जाता है, इसलिए छात्रों की उपाधि (डिग्री) मुद्रित करते समय हिन्दी भाषा के लिए गूगल अनुवाद का सहारा लिया जाता है जिससे त्रुटियां अधिक होने की सम्भावना रहती है। अतः परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी विषयों/पाठ्यक्रमों की उपाधि (डिग्री) केवल अंग्रेजी भाषा में मुद्रित की जायें।

11 परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से मद संख्या–14 के अन्तर्गत शोध प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्री0पी–एच0डी0 कोर्स वर्क 2023–24 का प्रश्नपत्रों का प्रारूप, परीक्षा समय सारणी व प्रश्नपत्र तैयार करने सम्बन्धी सलग्नक को यथावत् अनुमोदित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. वित्त अधिकारी को सूचनार्थ
3. प्राचार्य/प्राचार्या राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।
4. प्रभारी एजेंसी को इस आशय से प्रेषित उंक्त कार्यलय ज्ञाप को विश्वविद्यालय बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner